महिला एवं बालिका कल्याण दिवस मनाया

डीग भरतपुर (निस)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर एवं जिला कलक्टर डीग के आदेशानुसार जिला डीग में 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2024 तक आयोजित समाज कल्याण सप्ताह के तहत 5 अक्टूबर को महिला एवं बालिका कल्याण दिवस राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय डीग में मनाया गया। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी डीग कुलदीप सिंह ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारासिंह सिनसिनवार एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद राहुल लवानियां ने महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकार एवं उन्हे आर्थिक सामाजिक, राजनैतिक क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देने व जीवन में आगे बढने के बारे विस्तृत रूप से बताया । बालिकाओं के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता एवं नौकरियों में आरक्षण बार में अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तरफ से उपस्थित राजकीय अम्बेडकर बालक छात्रावास डीग के छात्रावास अधीक्षक सोनू लवानियां, राजकीय देवनारायण बालक छात्रावास नगर के छात्रावास अधीक्षक देवेन्द्र कुमार शर्मा एवं कनिष्ठ सहायक पूर्णेन्द्र प्रकाश के द्वारा विभागीय योजनाओं जैसे- छात्रवृति आदि के बारे में उपस्थित बालिकाओं को विस्तृत रूप से अवगत करवाया गया।

'बिजली कनेक्शन जारी करने में किसी प्रकार की देरी नहीं हो'

भरतपुर (निस)। डिस्कॉम्स चेयरमैन एवम जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने शनिवार को भरतपुर एवं डीग सर्किल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में फील्ड अभियंताओं को बिजली की छीजत कम करने के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

- **भरतपुर एवं डीग सर्किल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में फील्ड अभियंताओं को बिजली की छीजत कम करने के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए**

डिस्कॉम्स चेयरमैन एवम जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने समीक्षा बैठक आयोजित की।

भरतपुर के जोनल मुख्य अभियंता कार्यालय में आयोजित इस बैठक में आरती डोगरा ने कहा कि बिजली कनेक्शन जारी करने में किसी प्रकार की देरी नहीं हो। अभियंता आरडीएसएस योजना में चल रहे कार्यों के साथ-साथ ग्रिड सब स्टेशनों तथा सीएलआरसी के कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। साथ ही आमजन से जुड़े कार्यों का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने एक ही स्थान पर बार-बार जल रहे ट्रांसफार्मरों एवं बिजली मीटरों के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने सब डिवीजन स्टोर में काम नहीं आने वाले ट्रांसफार्मरों को जरूरत वाले अन्य स्थानों पर भेजने के साथ ही अधिशासी अभियंताओं को सब डिवीजन कार्यालयों में लंबित कनेक्शनों, रिकवरी आदि विषयों पर साप्ताहिक तथा फीडर इंचार्ज के साथ पाक्षिक रूप से समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

इससे पहले उन्होंने भरतपुर सर्किल के छोकरवाड़ा सब डिवीजन कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित कनेक्शनों की स्थिति, भार वृद्धि एवं नाम परिवर्तन की पत्रावलियों का अवलोकन किया। उन्होंने अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को नियमित निरीक्षण तथा संबंधित सहायक अभियंता को उपभोक्ताओं की समस्याओं का अविलंब प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान निदेशक तकनीकी एसएस नेहरा भी मौजूद थे।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

भरतपुर (निस)। डवलपमेंट पार्टनर जपाइगो द्वारा जिला स्तर पर एएनएम के तीन दिवसीय बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। इसका प्रमुख उद्देष्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान व प्रबंधन कर मातृ एवं शिशु दर में कमी लाना है। इससे आरसीएच कार्यक्रम के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियों में अपेक्षित सुधार परिलक्षित होगा।

बॉर्न हैल्थी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों पर एएनसी सेवाओं का सुदृढीकरण, विशेषकर गर्भावस्था के दौरान होने वाले संक्रमणों जटिलाओं की शीघ्र पहचान व ईलाज के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

मास्टर प्रशिक्षक के रूप में दीपेंद्र कुमार नर्सिंग ऑफिसर, लोकेंद्र सिंह नर्सिंग ऑफिसर, जयपाल तिवारी प्रोग्राम ऑफिसर जपाईगो, अजय प्रकाश सीनियर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जपाईगो ने प्रेजेंटेशन, मॉड्यूल एवं कार्य कौशल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में खंड सेवर, नदबई, रूपवास एवं शहरी एएनएम, सीएचओ ने भाग लिया।

सीएमएचओ डॉ गौरव कपूर ने बताया की ट्रेनिंग का उद्देश्य जिले की गर्भवती महिलाओं को समय पर उचित और सम्पूर्ण जांच और दवाइया मिल पाए। दीपेंद्र कुमार नर्सिंग ऑफिसर ने बताया

सार-समाचार

परमार पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनोनीत

रूपवास । कस्बे के स्टेशन रोड स्थित गांधी पार्क में रूपवास के पत्रकारों की बैठक निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कटारा की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अशोक खितौलिया ने की। बैठक के दौरान नरेंद्र परमार पत्रकार राष्ट्रदूत दैनिक समाचार पत्र को सर्वसम्मति से रूपवास पत्रकार संघ का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा मनीष अग्रवाल को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इससे पहले निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कटारा ने बैठक में नरेंद्र परमार का अनुमोदन रखा। इसके बाद सभी पत्रकारों ने सहमति जताते हुए नरेंद्र परमार को अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेंद्र परमार ने कहा कि पत्रकार साथियों ने जो विश्वास जताया है उस खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। सभी पत्रकारों की समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष नरेंद्र परमार ने पत्रकारों के लिए आपसी सहयोग से स्वेच्छा के अनुसार प्रत्येक माह राशि एकत्रित करने के अभियान का भी शुभारंभ किया। यह राशि पत्रकारों द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं जरूरतमंदों व पत्रकारों के सम्मान समारोह जैसे कार्यक्रमों में खर्च करने के लिए काम आएगी। इस कार्य में सभी पत्रकार अपने स्वयं के निजी खर्चे में से बचत करके एकत्रित करेंगे। इसके अलावा बैठक में विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों द्वारा समय पर प्रेस जारी कर पत्रकारों के लिए उपलब्ध नही करवाने को लेकर भी चर्चा हुई। इस मौके पर अमरनाथ रघुवंशी,अमर सिंह अँधाना,वीर विक्रम सिंह परमार,राजेश पाराशर,राकेश शर्मा टीवीएस,लखपत सिंह ने अध्यक्ष नरेंद्र सिंह परमार का माल्यार्पण कर व साफा बांधकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश कटारा सच बेधड़क,अशोक खितौलिया राजस्थान पत्रिका,मनीष अग्रवाल अमर उजाला,सतेंद्र सिंघल दैनिक नवज्योति, दुर्गेश पाठक दैनिक भास्कर,प्रमोद शर्मा फर्स्ट इंडिया न्यूज पत्रकार मौजूद रहे।

बाघिन सुल्ताना की चहलकदमी आई नजर

सवाई माधोपुर। रणथंभौर नेशनल पार्क के मध्य स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर शनिवार को एक बार फिर बाघिन सुल्ताना चहलकदमी करते नजर आई । बाघिन के मुख्य मार्ग पर आने से त्रिनेत्र गणेश मंदिर आने जाने वाले वाहनों के पहिये थम गये और कुछ देर तक मुख्य मार्ग पर पैदल यात्रियों एंव वाहनों की आवाजाही रोकनी पडी ,बाघिन के त्रिनेत्र गणेश मंदिर के मुख्य मार्ग पर आने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघिन की मॉनिटरिंग में जुट गई ,एतिहात के तौर पर मुख्य मार्ग पर वाहनों एंव पैदल यात्रियों की आवाजाही को रोकना पड़ा। हालांकि बाघिन सुल्ताना कुछ देर तक मुख्य मार्ग पर चहलकदमी करने के बाद फिर से रणथंभौर के जंगलों में ओझल हो गई। बाघिन के जंगल की ओर जाने के बाद ही त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर पैदल यात्रियों एंव वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई ,गौरतलब है कि बाघिन सुल्ताना की टेरेटरी त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग के आस पास ही है , ऐसे में कई मर्तबा बाघिन त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर आ जाती और कुछ देर चहलकदमी करने के बाद वापस जंगल की ओर लौट जाती है । आज भी कुछ ऐसा ही वाकिया सामने आया।

मूक बधिर बच्चो को कराया भोजन

गंगापुर सिटी । सीता देवी सामाजिक संस्था द्वारा चेतन इंटीग्रेटेड छात्रावास व विद्यालय के मूक बधिर विकलांग बच्चो को भोजन प्रसादी का कराई गई। संस्था अध्यक्ष हुकम चंद गोगोरिया ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्य कर जरूरतमंद लोगोकी मदद की जाती है। संस्था का उद्देश्य जन सेवा करना है। इस दौरान इंटीग्रेटेड संस्था के पदाधिकारियो ने बताया कि पिछले कई वर्षो से विकलांग बच्चो को संस्था के द्वारा पढाने के साथ ही सामाजिक व जीवन के नैसर्गिक कामो को करना सिखाया जाता है। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियो ने सीता देवी सामाजिक संस्था के लोगो का आभार जताया। इस दौरान शिवनारायण गुप्ता, अरविन्द शर्मा, सचिन शर्मा, कृतांक शर्मा, सीमा शर्मा आदि मोजूद थे।

आयुक्त आज करौली दौरे पर

करौली(नि.स.)। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने बताया कि राज्य सूचना आयुक्त टीकाराम शर्मा आज रविवार 6 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1:00 बजे सर्किट हाउस करौली पहुंचकर जिला कलक्टर के साथ बैठक करेंगे एवं दोपहर 3:00 बजे करौली से कैलादेवी के लिये प्रस्थान कर दोपहर 3:30 बजे कैलादेवी पहुंचकर कैलामाता के दर्शन करेंगे तथा सायं 5:30 बजे कैलादेवी से प्रस्थान कर सायं 6:00 बजे करौली पहुंचकर मदन मोहन जी के दर्शन करेंगे एवं सायं 7:00 बजे शिव अशोका मैरिज गार्डन करौली में गौरव सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे एवं उसी दिन रात्रि 8:00 बजे करौली से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

विष्णु को मिली पीएचडी की उपाधि

गंगापुर सिटी । स्थानीय निवासी विष्णु कुमार स्वर्णकार ने कोटा विश्वविद्यालय कोटा के शोध निदेशालय ने पीएचडी की उपाधी प्रदान की है। डा स्वर्णकार ने एथनोलॉटनी ऑफ कैलादेवी वाइल्ड लाइफ सैन्चूरी ऑफ राजस्थान विषय पर अपना पूर्ण किया है। शोध कार्य प्रो॰ डा सीताराम खण्डेलवाल राजकीय महाविद्यालय करौली के निर्देशन पूर्ण किया।

साधारण सभा की बैठक 9 को

करौली (नि.स.)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने बताया कि 9 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी जन सुविधा केन्द्र जिला परिषद सभा कक्ष में जिला प्रमुख जिला परिषद करौली की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया जायेगा।

प्रसूता के परिजन ने डॉक्टर से अभद्रता की

धौलपुर । जिला अस्पताल धौलपुर के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान में शनिवार को एक प्रसूता के परिजन ने डॉक्टर के साथ अभद्रता और हाथापाई कर दी, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि ये घटना मरीज को दूसरे वार्ड में शिफ्ट करने की बात को लेकर हुई है। गायनी विशेषज्ञ पीड़ित डॉक्टर विवेक शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को अस्पताल में एक महिला की ऑपरेशन से डिलीवरी हुई थी। महिला की डिलीवरी हो जाने के बाद मरीज को ऑपरेशन वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा था, जिससे नाराज महिला के पति सूरज शर्मा ने डॉक्टर के साथ हाथापाई और अभद्रता कर दी। घटना को लेकर अन्य चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने विरोध जताया। साथ ही अस्पताल स्टाफ में घटना को लेकर काफी रोष देखा गया, जिन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसने आरोपी सूरज शर्मा को हिरासत में ले लिया। पीड़ित डॉक्टर शुक्ला ने बताया कि आरोपी ने मरीज को शिफ्ट करने से मना कर दिया, जबकि दूसरे ऑपरेशन के मरीज को शनिवार को ऑपरेशन करने के बाद ऑपरेशन वार्ड में शिफ्ट किया जाना था।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने मामले की जानकारी ली और कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों से बात की। घटना को लेकर पीड़ित डॉक्टर विवेक शुक्ला की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणो ने दो लाख रूपए की राशि एकत्रित कर प्रधानाचार्य को सौंपी

गंगापुर सिटी । समीपवर्ती गांव शिवाला के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के विकास के लिए सरकारी सहायता को दरकिनार करते हुए ग्रामीणो ने घर घर राशि एकत्रित कर करीब दो लाख रूपए का चेक प्रधानाचार्य को सौंपा।

ग्राम संसद शिवाला के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा ने बताया कि गंगापुर सिटी जिले के वजीरपुर उपखंड के गांव शिवाला में सभी ग्राम वासियों के सहयोग से प्रत्येक घर से 1100 रुपए की राशि स्कूल विकास के लिए एकत्रित की गई।

गंगापुर सिटी में घर-घर से एकत्रित राशि का चैक प्रधानाचार्य को सौपते ग्रामीण।

कुल राशि दो लाख को मुख्यमंत्री जन सहभागिता में ग्राम वासियों ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल शिवाला(सैमाडा) के ?प्रिंसिपल गिर्राज प्रसाद को सौंपा। उन्होंने बताया कि इस मुहिम में गांव के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांव से सरकारी सेवा में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों ने निर्धारित राशि से बढकर किसी ने 2100 तो किसी ने 5100 रुपए से अधिक का सहयोग दिया।

इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम संसद शिवाला के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा, अमर सिंह व्याख्याता, मनोज कुमार लोको पायलट, कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष नेहरू लाल, केदार पटेल, देवीसहाय मीणा, इंद्रलाल मीणा, राजेंद्र जैन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। विद्यालय परिवार द्वारा सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रिंसिपल गिर्राजप्रसाद एवं समस्त स्टाफ द्वारा ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर इसी तरह स्कूल विकास में सहयोग प्रदान करते रहे।

साठ हजार सहायक कर्मचारियों की भर्ती में कुक कम हेल्पर के समायोजन की मांग

करौली(नि.स.)। राजस्थान समठा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं एकीकृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ उदय सिंह डिंगार के नेतृत्व में राज्य के मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री समेत उच्च अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित साठ हजार चतुर्थ श्रेणी सहायक कर्मचारियो के रिक्त पदों पर नवीन भर्ती के स्थान पर स्कूल शिक्षा विभाग में पूर्व से ही कार्यरत अल्प मानदेयकर्मी कुक कम हेल्पर्स के समायोजन की मांग उठाई है। करौली के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च ,जिला संरक्षण प्रहलाद मीणा, जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी,जिला प्रवक्ता चेतराम मीना, संगठन के उपशाखा अध्यक्ष मंत्री सपोटरा से हंसराज एकट,देवी सिंह बैरवा, करौली से बाबूलाल मीणा, राम मूर्ति शर्मा,हिंडौन से उमेश सिंह डागुर,अमर सिंह मीणा, मासलपुर से प्रेमसिंह, मंडरायल से काशीराम, रामकुमार नंदवानिया ने बताया कि प्रदेश में राजकीय विद्यालयों में मात्र 2143 रुपए मासिक मानदेय पर कुक कम हेल्पर द्वारा स्कूलों में भोजन पकाने,वितरण,साफ सफाई आदि का पुनीत एवं पवित्र कार्य कई वर्षों से किया जा रहा है परंतु उनको मानदेय केवल 2143 रूपए मासिक दिया जा रहा है, जो शोषण की पराकाष्ठा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकरे तो बदलती रही किंतु इन शोषित, पीडित, ऊपेक्षित अल्प मानदेय पर कार्य करने वाले कर्मियों की सुध नहीं ली गई । इन कुक कम हेल्पर में से लगभग 98: महिलाएं हैं, और इस तरह से महिला कर्मियों का आर्थिक शोषण किया जाना किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने इन कुक कम हेल्पर का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर समायोजन करने अथवा उन्हें न्यूनतम मजदूरी श्रम विभाग द्वारा जारी निर्धारित श्रमिक मजदूरी अनुसार 7410 रुपए न्यूनतम मासिक करने एवं संविदा सेवा नियम 2022 में अडॉप्ट करने की मांग की है ।

भव्य जागरण व भण्डारा छठ को

गंगापुर सिटी । मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में हर माह की छठ को जाने वाली मासिक बसयात्रा 9 अक्टूबर बुधवार को नई थोक फल सब्जी मण्डी उदेई मोड से दोपहर 2 बजे रवाना होगी। अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि बसयात्रा शाम 5 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी जहां मातारानी की पूजा अर्चना के बाद मां गुमानो यात्री निवास में नवरात्रा के अवसर पर मातारानी का विशाल भण्डारा व जागरण का आयोजन किया जायेगा। जागरण के दौरान माता बहनो के लिए लॉटरी सिस्टम के माध्यम से चूनरी निकाली जायेगी। समिति महामंत्री गोपाल सोनी ने माता रानी के सभी भक्तो से नवरात्रा में मातारानी की यात्रा में चलने का आह्वाहन किया है।

नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

धौलपुर, (निसं)। विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट धौलपुर ने शहर के कोतवाली थाने पर साल 2020 में दर्ज हुए 15 वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ कर उसे परेशान करने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही 6 हजार 700 रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है। विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट धौलपुर के विशिष्ट लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि धौलपुर शहर के कोतवाली थाने पर एक परिवादी ने 19 अप्रैल 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग नातिनी को रवि गुर्जर और उसका दोस्त आये दिन स्कूल आते-जाते समय छेड़छाड़ करते रहते हैं और आरोपी नाबालिग को जबरन पकड़ लेते हैं।

आरोपियों की हरकतों से परेशान होकर परिवारजनों ने पीड़िता का स्कूल जाना बंद कराकर घर पर बिठा लिया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी रवि गुर्जर को गिरफ्तार किया और उसके नाबालिग दोस्त को निरुद्ध कर पॉक्सो कोर्ट में चालान पेश किया।

आरोपी रवि गुर्जर न्यायिक अभिरक्षा से जेल धौलपुर में है। मामले में लोक अभियोजक मिश्रा ने कोर्ट में साक्षीगणों को पेश कर दस्तावेजों को साबित कराया।

भारत को जानो प्रतियोगिता की कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की लिखित परीक्षा आज

हिंडौन सिटी । भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प भारत को जानों प्रतियोगिता की ''लिखित परीक्षा'' से कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में चयनित दो दो प्रतिभागियों की टीमों के मध्य ''प्रश्न मंच एवम् मौखिक'' चरण 6 अक्टूबर 2024 (रविवार) को स्थानीय निर्मल हैप्पी सी. सेकेंडरी विद्यालय, मोहन नगर में आयोजित होगा। शाखा से ''राष्ट्रीय समूहगान'' में चयनित टीम 6 अक्टूबर को बाड़ी में प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में प्रस्तुति देगी। शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल एवम् राष्ट्रीय प्रकल्प भारत को जानों प्रभारी मुकेश गोयल ने बताया कि

- **11 विद्यालयों से कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में कुल 458 विधार्थियों ने लिखित परीक्षा में सहभागिता की थी। अंको के आधार से दोनों वर्गों में चयनित दो-दो प्रतिभागियों की टीम रविवार को आयोजित ''प्रश्न मंच एवम् मौखिक परीक्षा'' में सहभागिता करेंगी**

हिण्डौन सिटी द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प भारत को जानों प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा आयोजित की गई ।

गत 20 सितम्बर को आशीष मैमोरियल स्कूल, उत्तम पब्लिक स्कूल, ब्राइट सन स्कूल, स्काई टच स्कूल, निर्मल हैप्पी स्कूल, पीएससी फाउंडेशन, उत्कर्ष विद्या निकेतन, जन जागृति विद्यालय, डिवाइन एंजिल्स स्कूल, गुरुकुल विद्याश्रम सहित 11 विद्यालयों से कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में कुल 458 विधार्थियों ने लिखित परीक्षा में सहभागिता की थी। अंको के आधार से दोनों वर्गों में चयनित दो-दो प्रतिभागियों की टीम रविवार को आयोजित ''प्रश्न मंच एवम् मौखिक परीक्षा'' में सहभागिता करेंगी, परिषद् के दीनदयाल गुप्ता व लक्ष्मण गुप्ता की देखरेख तथा संचालन में किया जाएगा। राष्ट्रीय समूहगान प्रभारी कविता ऐरन ने बताया कि गत 8 सितम्बर को 8 विद्यालयों की टीमों की प्रतियोगिता में निर्णायक जजों द्वारा स्थानीय उत्कर्ष विद्या निकेतन, विद्यालय की टीम को चयनित किया गया था प्रांतीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रकल्प प्रभारी पंकज जैन ने कहा कि परिषद् के ''स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत'' के उद्देश्य को लेकर कार्य करती है। भारत को जानों प्रतियोगिता एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता है, इसका मकसद बच्चों में देश के प्रति प्रेम, गर्व और समर्पण की भावना जगाना है इस प्रतियोगिता में भारत के इतिहास, संस्कृति, भूगोल, समसामयिक मामलों और अन्य विषयों से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। ''भारत को जानों'' प्रतियोगिता के उदेश्यों को लेकर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी का कथन है कि ''अतीत की नींव पर ही भविष्य की श्रेष्ठताओं का निर्माण होता है''। यह सत्य है कि गौरवपूर्ण अतीत से प्राप्त आत्म - गौरव का भाव तथा प्रगतिशील वर्तमान से प्राप्त आत्मविश्वास, हमें उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करता है। राष्ट्रीय समूहगान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना एवम् नैतिक मूल्यों का विकास करना है। राष्ट्र प्रेम की भावना संचरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में शामिल लाखों बच्चों के लिए गीतों को ''राष्ट्रीय चेतना के स्वर'' पुस्तक से चुना जाता हैं। शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि ''भारत को जानों'' प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा में चयनित दो-दो प्रतिभागियों के मध्य ''प्रश्न मंच व मौखिक'' प्रतियोगिता में चयनित टीम को प्रान्त स्तर पर मौखिक व प्रश्न मंच के जरिए चयनित होने पर रीजनल स्तर पर तथा विजेता टीम को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाता है। गत वर्ष हिण्डौन शाखा की आशीष मैमोरियल स्कूल की कनिष्ठ वर्ग में चयनित टीम ने प्रान्त स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संस्कार प्रकल्प गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन, संस्कृति सप्ताह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं आदि में भी शाखा द्वारा कार्यक्रम संचालित है।

सेवा प्रकल्पों में 29 सितम्बर को श्रीमहावीरजी में 53वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। करौली रोड़ स्थित मोक्षधाम में गत दिनों अतिवृष्टि से हुई क्षित को पुनः ठीक करवाकर विकास एवम् सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जाएगा। सभी कार्यों की सफ़लता एवम् सुन्दरता में शाखा के समस्त दायित्वधारियों, प्रकल्प प्रभारियों, मातृशक्ति एवम् सदस्यों की सामूहिक सहभागिता व सहयोग का योगदान है।

पदयात्रा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हुई बैठक

करौली(नि.स.)। मां करणपुर गुमानो सेवा समिति की ओर से चल रहे नवरात्रि कार्यक्रम एवं 15 अक्टूबर को रवाना होने वाली 23वी निशुल्क पदयात्रा की तैयारी को लेकर गोपाल जी मंदिर के निकट गायत्री पैलेस में बैठक आयोजित हुई।

मां करणपुर गुमानो सेवा समिति करौली के पदाधिकारी गिर्राज तिवारी एवं प्रवक्ता जितेंद्र सिंह ने बताया कि नवरात्र के दौरान मदन मोहन जी मंदिर के निकट गायत्री पैलेस में गुमानो माता की हस्त निर्मित प्रतिमा की स्थापना कर प्रतिदिन पूजा अर्चना और नवदुर्गा का पाठ किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 9 अक्टूबर को गायत्री पैलेस करौली में छठ पूजा के अवसर पर माता रानी के मंदिर को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी इसके अलावा शाम 7:00 बजे आरती के पश्चात डांडिया नृत्य के अलावा रात्रि को प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों से आ रहे प्रमुख भजन गायक कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक माता की भेंट, लांगुरिया की प्रस्तुति दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर को गोपाल जी मंदिर करौली से समिति के तत्वाधान में 23वी निशुल्क पदयात्रा एवं कलश यात्रा धूमधाम के साथ रवाना होगी जिसका रात्रि विश्राम कैलादेवी कस्बा मे कालीसिल नदी के पास माथुर वैश्य यात्री निवास में रहेगा एवं 16 अक्टूबर को आशा की वाच टावर पर जागरण एवं भंडारे का आयोजन के अलावा करणपुर में माता रानी के दरबार को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए फूल बंगला की झांकी एवं 56 भोग लगाए जाएंगे।

करौली के गायत्री पैलेस मे मॉ. करणपुर गुमानो सेवा समिति के लोगो ने पद यात्रा को लेकर चर्चा की ।

उन्होंने बताया कि पदयात्रा के वापस लौटने पर 17 अक्टूबर को आशा की वॉच टावर पर हस्त निर्मित प्रतिमा का धूमधाम के साथ विसर्जन किया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में मां भक्तों से पदयात्रा ,कलश यात्रा और देवी जागरण के करौली में होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता, गजानंद शर्मा, तेजेंद्र सिंह, विष्णु चंद शर्मा नल वाले, अमन शर्मा , मेहुल शर्मा उर्फ मोनू , अंकेश पाराशर, चंचल जागा, दिनेश गुप्ता, प्रकाश शर्मा, भैरव लाल गुप्ता अध्यापक के अलावा कई अन्य लोगों ने कलश यात्रा और पदयात्रा की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की।